यूटीयू : प्रोविजनल एडमिशन के लिए पंजीकरण कल से

ऑनलाइन पोर्टल पर करना होगा पंजीकरण

जेईई व 12वीं मेरिट के आधार पर बीटेक में एडमिशन

पत्रकारों से वार्ता करते कुलपति प्रो. ओंकार सिंह।

देहरादून (एसएनबी)। वीर माधो सिंह भंडारी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) सम्बद्ध सभी संस्थानों में सत्र 2024-25 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में एडमिशन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके तहत 10 अप्रैल से ऑनलाइन पोर्टल पर एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

सोमवार को प्रेस क्लब में यूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ी जानकारियों को साझा किया। उन्होंने कहा कि बीटेक में 215 प्रकार के मेजर व माइनर बीटेक पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। छात्रों की सुविधा के लिए एडमिशन प्रक्रिया सिंगल विंडो व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत प्रोविजन एडमिशन के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया 10 अप्रैल से शुरू हो जाएगी। वहीं, जून में ऑनलाइन काउंसलिंग के जरिये नियमित प्रवेश की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बीटेक प्रथम वर्ष में जईई की रैंक व 12वीं की मेरिट आधार पर एडमिशन होंगे। वहीं, लॉ, एमबीए, बीबीए, बीसीए, होटल मैनेजेमंट, बीफार्मा, एमफार्मा समेत अन्य पाठ्यक्रमों में मेरिट के आधार पर एडमिशन दिया जाएगा। इस मौके पर परीक्षा नियंत्रक डा. विनय कुमार पटेल, वित्त नियंत्रक बिक्रम सिंह ने जन्तवाल आदि मौजूद थे।

उत्तर पुस्तिकाएं देख सकते हैं छात्र

देहरादून। यूटीयू मूल्यांकन में पारदर्शिता लाने के लिए उत्तर पुस्तिकाओं को ऑनलाइन देखने की व्यवस्था की है। इसके तहत रिजल्ट जारी होने के 72 घंटे बाद तक प्रत्येक छात्र अपनी उत्तर पुस्तिकाओं को देख सकता है। रिजल्ट से पूरी संतुष्ट न होने पर छात्र पुर्नमूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिसके लिए 3000 रुपये फीस तय की गई है, लेकिन कुछ प्रश्नों के मूल्यांकन से संतुष्ट न होने पर कोई शुल्क नहीं देना होगा। कुलपति के अनुसार पिछले बार 1600 से अधिक छात्र अपने मूल्यांकन से संतुष्ट नहीं थे। इसमें से अधिकांश छात्रों का दावा गलत साबित हुआ, लेकिन कुछ लोगों के अंकों में सुधार किया गया।